# सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु,

## सिद्धार्थनगर, उ0प्र0 – 272202

Website : www.suksn.edu.in – Email Id : registrarsidduniv@gmail.com

पत्रांकः 1271/सि0वि0वि0/सम्बद्धता/2025 दिनांकः 29/08/2025

संसोधित सूचना

सेवा में,

सम्बद्ध समस्त
महाविद्यालय,सिद्धार्थ विश्वविद्यालय,
कपिलवस्तु,सिद्धार्थनगर।

**विषय– विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों में सत्र 2024–25 में प्राप्त छात्रवृत्ति आवेदन एवं उसके सापेक्ष अग्रसारित छात्रवृत्ति आवेदन का विवरण उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक, प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग उ0प्र0 शासन की अक्ष्यक्षता में दिनांक 28.08.2025 को एक वर्चुअल समीक्षा बैठक की गयी, जिसमे निर्देशित किया गया कि विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयो में **सत्र 2024–2025 में प्राप्त छात्रवृत्ति आवेदन एवं उसके सापेक्ष अग्रसारित छात्रवृत्ति आवेदन** का विवरण दो दिवस के भीतर उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया है।

तद्क्रम में विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त राजकीय, अनुदानित एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों के प्रबन्धक/प्राचार्य/प्राचार्या को सूचित किया जाता है कि अपने महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रमों में **सत्र 2024–2025 में प्राप्त छात्रवृत्ति आवेदन एवं उसके सापेक्ष अग्रसारित छात्रवृत्ति आवेदन** का विवरण निर्धारित प्रारुप पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

सत्रः 2024–2025

| कुल प्राप्त छात्रवृत्ति आवेदन | | | | | कुल अग्रसारित छात्रवृत्ति आवेदन | | | | लम्बित आवेदन | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| महाविद्यालय का नाम | सामान्य वर्ग | पिछड़ा वर्ग | अनुसुचित जाति/ अनु0जन जाति | अल्प संख्यक वर्ग | सामान्य वर्ग | पिछड़ा वर्ग | अनुसुचित जाति/ अनु0जन जाति | अल्प संख्यक वर्ग | सामान्य वर्ग | पिछड़ा वर्ग | अनुसुचित जाति/ अनु0जन जाति | अल्प संख्यक वर्ग |
| | | | | | | | | | | | | |

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि विश्वविद्यालय द्वारा माँगी गयी सूचना निर्धारित प्रारुप पर **विश्वविद्यालय में दिनांक–30.08.2025 तक** कुलसचिव के ई–मेल आई0डी0–registrar@suksn.edu.in पर तत्काल उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

भवदीय

29.8.25

कुलसचिव,
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर।

पत्रांकः /सूचना/2025 दिनांक– / /2025

**प्रतिलिपि, निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–**

1. अधिष्ठाता छात्र कल्याण, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु सिद्धार्थनगर।
2. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या सम्बद्ध सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु सिद्धार्थनगर।
3. निजी सचिव, कुलपति को कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।
4. प्रभारी कोडिंग सेल को इस निर्देश के साथ कि उक्त सूचना विश्वविद्यालय के वेबसाइट तथा कालेज लॉगिन पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।
5. गार्ड फाइल में संरक्षित हेतु।

कुलसचिव,
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर।